महायोगी गोरखनाथ कृषि विज्ञान केन्द्र

चौकमाफी पीपीगंज गोरखपुर उत्तर प्रदेश २७३१६५

Mahayogi Gorakhnath Krishi Vigyan Kendra

Chaukmafi (Peppeganj), Jangal Kaudiya Gorakhpur, U.P-273165

Website : http://www.mgkvk.in Email: gorakhpurkvk2@gmail.com

मछलियों को कैसे बचाएं तालाब में आक्सीजन की कमी या हाइपोक्सिया से

डॉ विवेक प्रताप सिंह

विषय वस्तु विशेषज्ञ - पशुपालन

तालाब में आक्सीजन की कमी के सामान्य लक्षण- बैचनी, असामान्य तरीके से विचरण, मछलियों का कूदना जल के ऊपरी सतह पर तैरना, हंफनी, विकास में कमी तथा बड़े पैमाने पर मछलियों की मृत्यु ।

किसी भी जीव के लिए आक्सीजन अत्यंत ही महत्वूर्ण है। मछलियों को स्वस्थ रहने के लिए जल में घुली आक्सीजन की मात्रा 4-5 पी.पी.एम तक होना चाहिये, पर साधारणत: इसकी मात्रा कम ही पाई जाती है। पौधे, जैव पदार्थों की अधिकता, बहि:स्त्राव, अत्यधिक भोज्य पदार्थों का जमाव तथा संग्रहण घनत्व के अधिक होने से आक्सीजन की मात्रा कम हो जाती है जो मछलियों की मृत्यु का कारण बनती है। **यह समस्या ग्रीष्म एवं वर्षा ऋतु तथा सुबह के समय अधिक होती है।** इसका उपचार जल में आक्सीजन की घुलनशीलता बढ़ाना है, जैसे जल में बांस फिराना, जल को पंप करना आदि। इसमें मछलियों के संग्रहण दर को घटाना, अधिक भोजन न देना, बहि:स्त्राव को रोकना, जैव व् खाद न देना , स्वच्छ जल का प्रवाह करना तथा गाद के उपरी सतह को हटाना आदि उपाय किये जा सकते हैं ।